Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to construct service roads on both sides of Bharat Mala Project roads in Banaskantha parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (**बनासकांठा**) : आदरणीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में वर्तमान में 6 मार्गीय सड़क 'भारत माला परियोजना' में चल रही है। इस भारतमाला परियोजना में किसानों के लिए खेतों में जाने के लिए और बारिश के पानी के निकास से संबंधित बहुत दिक्कतें आ रही हैं। … (व्यवधान)

मैं सदन के माध्यम से माननीय सड़क मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि जिस किसान के खेत से सड़क गुजरती है, उसका सर्वे नंबर ब्लॉक के दो हिस्सों में सड़क के कारण बन जाता है। उसके दूसरे हिस्से में जाने के लिए कहीं से भी रास्ता नहीं बचता है। मेरा आपसे आग्रह है कि उसके लिए सड़क के दोनों तरफ सर्विस रोड का प्रावधान रखना चाहिए या कच्ची सड़क रखनी चाहिए। … (व्यवधान) इसके अलावा उसमें ऐसा प्रावधान किया गया है कि दोनों साइड सर्विस रोड न रखकर कंपनी की ओर से दोनों साइड में प्रोटेक्शन वॉल बनाई जा रही है।

मेरा आग्रह है कि जो प्रोटेक्शन वाल बनेगी, तो उसकी वजह से किसान खेतों में कैसे जाएंगे? उनको खेतों में आवाजाही के लिए जो प्रोटेक्शन वाल बन रही है, उसको बंद कर देना चाहिए और वे कच्ची सड़क रखें या सर्विस रोड भी बनाएं।…(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इन समस्याओं को अपने संज्ञान में लेकर उसका जल्द से जल्द हल किया जाए, जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान हो और परियोजना का कार्य भी आगे बढ़ सके।…(व्यवधान) यह सांसोरवाड़ा भी उनमें है, उसमें भी वही दिक्कत है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इसे संबद्ध कर दीजिए।

… (व्यवधान)